हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–189 : जौनपुर, गुरुवार 30 मार्च 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## धर्म को मात्र उपासना विधि मानने की भूल न करें –मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

गोरखपुर ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी प्रदेशवासियों को वासंतिक नवरात्र की महानवमी एवं प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें धर्म को मात्र उपासना विधि मानने की भूल नहीं करनी चाहिए। धर्म कर्तव्य का बोध कराता है। धर्म हमें सदाचार, कर्तव्य और नैतिक मूल्यों से जोड़कर सन्मार्ग पर चलते हुए सकारात्मक एवं रचनात्मक प्रवृत्ति की ओर अग्रसर करता है। इसी व्यापक अर्थ में हमें धर्म को अंगीकार करना होगा। धर्म की इसी अवधारणा के अनुरूप केंद्र व प्रदेश सरकार सकारात्मकता व रचनात्मकता को प्रोत्साहन दे रही है। सीएम योगी गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन एवं श्रीराम जन्मोत्सव का अनुष्ठान पूर्ण करने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्रीरामनवमी पर दिख रहा उल्लास व उमंग यह प्रदर्शित करता है कि समाज मे सात्विक व रचनात्मक प्रवृत्तियां तेजी से आगे बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सकारात्मकता व रचनात्मकता के कार्यक्रमों से नए भारत का निर्माण हो रहा है। कहा कि पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक पूरा देश एकस्वर के प्रधानमंत्री की भाषा में बोल रहा है। पूरी दुनियासामर्थ्यवान और शक्तिशाली भारत की ताकत का एहसास कर रही है। उन्होंने कहा कि समर्थ भारत में रामराज्य की परिकल्पना भी साकार हो रही है। रामराज्य के अनुरूप शासन की योजनाओं का लाभ समाज के हर तबके तक बिना भेदभाव पहुंच रहा है। पीएम मोदी की तारीफ की मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान भारत के सामर्थ्य और संवेदनशीलता को पूरी दुनिया ने देखा है। जनकल्याण के अनेक कार्यक्रम सबके सामने हैं। जरूरतमंदों को बिना भेदभाव आवास, शौचालय, रसोई गैस कनेक्शन, बिजली कनेक्शन की निशुल्क सुविधा दी गई। यही नहीं संकट के समय मे हर गरीब को मुफ्त राशन भी उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक के जीवम में व्यापक परिवर्तन का अभियान चलाया जा रहा है। और यही धर्म हमें सिखाता है। उन्होंने जी–20 के नेतृत्व को देश के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि जी–20 का थीम वसुधैव कुटुम्बकम धर्म के विराट स्वरूप की व्याख्या करने वाली भारतीय



मनीषा की ही देन है। देशभर में जन्म उत्सव मनाया जा रहा मुख्यमंत्री ने मां जगतजननी भगवती व मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम से सभी नागरिकों के सुखमय, समृद्धिमय जीवन की प्रार्थना करते हुए कहा कि नवमी तिथि पर मां सिद्धिदात्री की आराधना के साथ ही श्रीराम जन्मोत्सव उत्साह व उमंग से मनाया जा रहा है। प्रदेश के अलग अलग स्थलों पर भव्य कार्यक्रम आयोजित हुए हैं। प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या के हर देवस्थल पर काफी उत्साह है। कल से अबतक 15 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या में पवित्र सरयू नदी में स्नान के बाद हुनमानगढ़ी और श्रीराम जन्मभूमि का दर्शन कर चुके हैं। सभी शक्तिपीठों में भी लाखों श्रद्धालु जगतजननी मां भगवती के सिद्धिदात्री स्वरूप की आराधना कर रहे हैं। सभी धर्मस्थलों पर दुर्गा सप्तशती व अखंड रामायण पाठ का आयोजन भी प्रदेश सरकार की तरफ से सुनिश्चित किया गया है। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में सभी स्थानों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। प्रभु श्रीराम के बालरूप की आरती उतारी, पालने में झूलाया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ मंदिर परिसर के मुक्ताकाशी मंच पर आयोजित प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव में भी शामिल हुए। उन्होंने पालने में रखे श्रीराम के बाल छवि का विधि विधान से पूजन करने के बाद आरती उतारी। उन्होंने पालने में प्रभु के बालरूप को झूलाया भी।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान द्वितीय अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला स्वास्थ्य शासी निकाय एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान की द्वितीय अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन 29 मार्च 2023 को जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में सभी कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा की गई। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत विगत 3 महीनों में शून्य प्रसव कराने वाली समस्त आशाओं के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने हेतु जिलाधिकारी द्वारा समस्त ब्लॉक प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा चिकित्सा इकाइयों पर सभी आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता रखने के सख्त निर्देश दिए गए। मॉनिटरिंग एजेंसी डब्लू एच ओ से फीडबैक लेकर टीकाकरण एवं अन्य कार्यक्रमों में लक्ष्य के सापेक्ष शत–प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने हेतु निर्देश दिया। संचारी रोग नियंत्रण अभियान की अब तक की तैयारियों की समीक्षा किया गया, जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि समस्त ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी, नोडल टीचर, नगर पालिकाओं के अंतर्गत सम्मानित नागरिकों, सफाई नायक एवं सफाई कर्मियों का शत–प्रतिशत संवेदीकरण कराया जाए। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी सहयोगी विभाग अपनी कार्य योजना के अनुसार अभियान के दौरान अपने दिए गए दायित्वों का निर्वहन करेंगे, विशेषतः पंचायती राज विभाग एवं नगर विकास विभाग स्वच्छता संबंधी कार्य जैसे नालियों की सफाई, झाड़ी की कटाई तथा दवाओं का छिड़काव कराना सुनिश्चित करेंगे। जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा मानिटरिंग का कार्य कराया जाएगा, वे उपरोक्त कार्यो की मानिटरिंग कर अपना फीडबैक अभियान के प्रथम सप्ताह में ही देंगे ताकि आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही करके अभियान को सफल बनाया जा सके, तथा



आगामी सीजन में संक्रामक बीमारियों के प्रसार को पहले ही रोका जा सके। अंतर विभागीय समन्वय एवं पाई गई कमियों को दूर करने के लिए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया की सभी ब्लाकों पर अभियान के दौरान प्रतिदिन सायं कालीन अंतर विभागीय बैठक का आयोजन किया जाए। विगत वर्षों में संक्रामक बीमारियों के आंकड़े के आधार पर निर्देश दिया गया कि सभी विभाग चिन्हित हाई रिस्क ग्रामों एवं मोहल्लों में साफ–सफाई, छिड़काव, जन जागरूकता जैसे कार्य कराएं जिससे बीमारियों के प्रसार को पहले ही रोका जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी एवं संचारी रोग अभियान के सहयोगी विभाग जैसे पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, बाल विकास विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, नगर विकास विभाग, उद्यान विभाग, सूचना विभाग सहित स्वास्थ्य विभाग के सभी जिला स्तरीय अधिकारी, सभी ब्लॉकों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

## डॉ गौरव श्रीवास्तव बने असिस्टेंट प्रोफेसर : झारखंड लोक सेवा आयोग में प्राप्त किया प्रथम स्थान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ओलंदगंज नखास निवासी सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव के पुत्र डॉ गौरव श्रीवास्तव का झारखंड लोक सेवा आयोग में अस्सिस्टेंट प्रोफेसर पद पर हुआ है जिन्होंने डॉ गौरव ने लोक सेवा आयोग झारखंड रिजल्ट में टॉप किया है और उनकी नियुक्ति नीलाम्बर पीताम्बर विश्विद्यालय मेदिनीनगर झारखंड में हुआ है। इससे अभीभूत कायस्थ समाज के सभी संगठनों के लोगो ने डॉ गौरव श्रीवास्तव को उनके आवास पर सम्मानित किया व योग्य पुत्र बनाने में उनके पिता सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव व माता श्रीमती उषा श्रीवास्तव को भी माल्यापर्ण स्मृति चिन्ह भेंट कर जोरदार स्वागत कर सम्मानित किया। डॉ गौरव श्रीवास्तव असिस्टेंट प्रोफेसर ने कहा कि समाज के लोगो ने जो सम्मान किया उनका आभारी हु व जौनपुर का नाम हमेशा रोशन करने का कार्य करूंगा। कायस्थ महासभा के प्रदेश महासचिव/जिलाध्यक्ष राकेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि डॉ गौरव श्रीवास्तव ने जौनपुर का नाम गौरवान्वित किया है इससे नई पीढ़ी भी आगे बढ़ने की प्रेरणा लेगी। संगत पंगत के जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी ने कहा कि जौनपुर में जितने भी कायस्थ कही भी उच्च पदों पर नौकरी कर रहे है उन्हें योग्य बनाने में प्रमुख भूमिका वाले माता पिता समाज के लिए उदारहण हैं। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि आज जो बच्चे पढ़ रहे है वे बच्चे उचित स्थान पर जगह बना रहे है जो अनुकरणीय हैं। सम्मान समारोह



में कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव एडवोकेट, राष्ट्रीय महासचिव राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया, कायस्थ महासभा के प्रदेश सचिव उमेश श्रीवास्तव फूफा जी, प्रदेश प्रवक्ता व संगत पंगत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार,प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव प्रशासनिक अधिकारी,कायस्थ ग्लोबल कॉन्फ्रेंस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ संपूर्णानंद अस्थाना ,संयोजक शशि श्रीवास्तव गुड्डू भइया, अभियोजन अधिकारी विवेक श्रीवास्तव दुर्गेश श्रीवास्तव लेदुका,महासचिव संगत पंगत अजय वर्मा अज्जू, कोषाध्यक्ष संगत पंगत शरद श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव आडिटर सिविल कोर्ट,शिव शंकर श्रीवास्तव ऑडिटर कलेक्ट्रट, अमर श्रीवास्तव विजय श्रीवास्तव बंटू अनुपम श्रीवास्तव संजीव श्रीवास्तव राजू,राकेश श्रीवास्तव लाइन बाजार,विपिन श्रीवास्तव अशोक श्रीवास्तव प्रदीप श्रीवास्तव श्याम जी श्रीवास्तव संदीप श्रीवास्तव पत्रकार अनीश श्रीवास्तव, संजय सिंह अतुल जायसवाल सहित कायस्थ समाज के सभी संगठन के लोगो ने शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

## टिकट वितरण में न हो पैसे का लेन–देन : पद बेचने की शिकायत न मिले –भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी

लखनऊ ब्यूरो : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्षों और नवगठित प्रदेश टीम को निकाय चुनाव के टिकट वितरण में पैसे का चलन न करने की सख्त हिदायत दी है। उन्होंने बुधवार को प्रदेश मुख्यालय में आयोजित नवगठित टीम की पहली बैठक में साफ कहा कि टिकट या पद बेचने की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। इस दौरान निकाय चुनाव और लोकसभा चुनाव का रोडमैप तैयार किया गया। चौधरी ने कहा कि निकाय चुनाव अप्रैल–मई में कराए जाएंगे। पार्टी को सभी 17 नगर निगम सहित सभी बड़ी नगर पालिका परिषदों में चुनाव जीतना है। 6 अप्रैल के बाद पूरी पार्टी निकाय चुनाव की तैयारी में जुटेगी। पंचायत चुनाव में जिस तरह गड़बड़ी की शिकायतें सामने आई थीं, वैसी शिकायतें निकाय चुनाव में नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रभारी जिलों में प्रत्याशी चयन के लिए फीडबैक लेंगे। नगर पंचायत के सभासद और अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद के सभासद के टिकट जिला स्तरीय कोर कमेटी की संस्तुति से क्षेत्रीय कार्यालय से तय किए जाएंगे। वहीं नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष, नगर निगम के पार्षद और महापौर के प्रत्याशी का चयन क्षेत्रीय कोर कमेटी की संस्तुति से प्रदेश मुख्यालय में तय होंगे। कोर कमेटी के सभी सदस्यों के दस्तखत होने पर ही प्रत्याशी की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि सहकारिता चुनाव में प्रत्याशी चयन भी जिला स्तरीय समन्वय समिति के स्तर से किया जाएगा। उन्होंने आजीवन सहयोग निधि 5 अप्रैल तक जमा कराने के निर्देश दिए हैं। इसमें पार्टी के विधायकों और एमएलसी से पांच लाख रुपये और एक महीने का वेतन लिया जाएगा। आजीवन सहयोग निधि में 98 संगठनात्मक जिलों को



ए, बी और सी श्रेणी में बांटा गया है। ए श्रेणी वाले जिलों को एक करोड़ रुपये, बी श्रेणी को 50 लाख और सी श्रेणी वाले जिलों को 25 लाख रुपये का संग्रह करने का लक्ष्य दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि निकाय और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिलों में सपा, बसपा और कांग्रेस सहित अन्य दलों के जो नेता भाजपा में शामिल होना चाहते हैं, उन्हें पार्टी में शामिल कराएं। प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक को ज्वॉइनिंग अभियान का प्रभारी बनाया गया है। जिलों के संगठन में ज्यादा फेरबदल नहीं प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संगठन में ज्यादा फेरबदल नहीं होगा। फिलहाल पांच–छह जिलाध्यक्ष बदले जाएंगे। शेष बदलाव निकाय चुनाव के बाद होंगे। ओबीसी मोर्चा के नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए पैनल भेज दिया गया है। शेष मोर्चों, प्रकोष्ठ और विभाग में फिलहाल बदलाव नहीं किया जाएगा। बैठक को प्रदेश प्रभारी राधामोहन सिंह ने भी संबोधित किया। सत्यापन अधिकारी करेंगे बूथ कमेटी का परीक्षण महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि बूथ सशक्तीकरण अभियान के तहत कमेटियों का गठन किया जा रहा है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक सत्यापन अधिकारी एक से पांच अप्रैल तक विधानसभा की सभी बूथ कमेटियों का सत्यापन करेगा। 6 से 14 अप्रैल तक चलेगा सेवा सप्ताह महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने बैठक में बताया कि भाजपा के स्थापना दिवस 6 अप्रैल को सभी जिला कार्यालयों पर झंडारोहण किया जाएगा। 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर बूथ से लेकर जिला स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

## कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थी नहीं होंगे फेल : रिपोर्ट कार्ड बांटने के निर्देश

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में परिषदीय विद्यालयों व मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा एक से आठ के विद्यार्थी इस बार भी फेल नहीं होंगे। परिषद ने इन सभी विद्यार्थियों को अगली क्लास में प्रोन्नत करने और मूल्यांकन व रिपोर्ट कार्ड बांटने के निर्देश दिए हैं। रिपोर्ट कार्ड का वितरण खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से किया जाएगा। सचिव बेसिक शिक्षा परिषद प्रताप सिंह बघेल ने कहा है कि कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों का प्रमोशन रोका नहीं जाएगा। वहीं पूर्णांक व प्राप्तांक को 100 अंकों के सापेक्ष परिवर्तित करते हुए अंक अंकित किए जाएंगे। हालांकि इसे लेकर शिक्षकों में अनिश्चितता की स्थिति है। उनका कहना



है कि परीक्षा 50 अंकों की हुई है तो इसे 100 अंकों के सापेक्ष कैसे बदलेंगे? इस पर सचिव ने कहा कि पिछले वर्ष दिए गए निर्देश के अनुसार ही परिणाम तैयार करना है।

### पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## आधुनिक शिक्षा के साथ संस्कारों का ज्ञान भी होता है आवश्यक

सुजानगंज जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : प्रणवम स्कूल ऑफ आर्ट में आधुनिक शिक्षा एवं आध्यात्मिक ज्ञान के विषय पर आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए आत्मीय विद्या धाम आनंद



गुजरात से पधारे भगवान स्वामीनारायण के संत सर्व दर्शन स्वामी एवं प्रभु दर्शन स्वामी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा आधुनिक शिक्षा के साथ–साथ संस्कार एवं आध्यात्मिक ज्ञान की शिक्षा भी आवश्यक है। बगैर आध्यात्मिक ज्ञान के हमारी युवा पीढ़ी नशे की लत हिंसा अनाचार आदि अनेकों दुर्गुणों का शिकार हो रही है। ऐसे में परिवार की मर्यादा संस्कार सब कुछ तार – तार हो रहे हैं।इससे बचने के लिए हमें आधुनिक शिक्षा के साथ–साथ बच्चों को संस्कारों व आध्यात्मिक ज्ञान की शिक्षा भी अनिवार्य रूप से देनी होगी। तभी हमारा युवा व्यसन एवं दुर्गुणों से मुक्त होगा,परिवार व समाज को एक नई दिशा मिलेगी। स्वामी हरिप्रसाद स्वामी जी महाराज ने एक लाख से अधिक व्यसन मुक्त युवाओं की टीम तैयार की है।प्रबोधा जीवन स्वामी महाराज भी इस दिशा में आगे कार्य कर रहे हैं। जब हमारा युवा व्यसन मुक्त होगा तो उस वह पूरी तरह से सुखी होगा और परिवार समाज व देश को एक नई दिशा प्रदान करने का कार्य करेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष व मुंगरा बादसाहपुर विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी डा. प्रमोद के सिंह ने की, संचालन शशि कुमार गुप्ता व आभार डा. दिनेश गुप्ता ने किया। इस दौरान राम शंकर दुबे, . श्याम शंकर, प्रदीप सिंह, दीपक सिंह, दिनेश प्रताप सिंह, नीरज सरोज,कुलदीप पाण्डेय विजय शंकर दूबे,दीपक तिवारी,पंकज मणि तिवारी,अजीत शर्मा, सचिन मिश्र, संदीप गुप्ता,नीता तिवारी,सुनीता सोनी,वंदना जायसवाल,सुरभि सिंह, सोनाक्षी,नीलम सोनी,अस्मिता आदि लोग उपस्थित रहे!

## मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का चरित्र हम सभी के लिए अनुकरणीय है –रजनी तिवारी

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शासन के निर्देशों के क्रम में तहसील शाहाबाद के अंतर्गत बनखंडीनाथ मंदिर में अखण्ड रामायण पाठ के कार्यक्रम में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने भाग लेते हुए राम चरित मानस का पाठ किया।इस अवसर पर मंत्री जी ने कहा कि कि प्रभु श्री राम का चरित्र हम सबके लिए प्रेरणादाई है। इससे मन मस्तिष्क में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उपजिलाधिकारी धीरेन्द्र कुमार



श्रीवास्तव ने भी स्वयं रामचरित मानस का पाठ किया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि ऐसे आयोजनों में लोग बढ़–चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। अधिशाषी अधिकारी आर आर अंबेश ने बताया कि निर्बाध भजन–कीर्तन एवं अखण्ड पाठ के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थायें की गयी हैं।मन्दिर में आने वाले श्रद्धालु भी श्रद्धा पूर्वक मानस पाठ मे हिस्सा ले रहे है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी आदि तिवारी,अध्यक्ष देवराज सिंह,ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्र, इंद्रेश दीक्षित,सुनील गुप्ता, डॉ श्रीप्रकाश,अतुल गुप्ता, अनुराग श्रीवास्तव, अवधेश प्रताप सिंह,सुभाष सिंह, सर्वेश मिश्र, अमित मिश्र, नवनीत गुप्ता, कमलेश सिंह, अतुल अग्निहोत्री,कमलेश देवी,संजय कुमार अग्निहोत्री, अनिल पाण्डेय पिंटू,दीप कमल राठौर, सुभाष रस्तोगी,आजाद सिंह, हाकिम सिंह, कुलदीप श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

आज की सुन्दर यात्रा केवल तब शुरु हो सकती है, जब हम कल को जाने देना सीखते है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# रामनवमी विशेष : अयोध्या में राम मंदिर और इतिहास की एक यात्रा

निर्माण की गति देखते हुए संभावना है की जनवरी 2024 मकर संक्रांति तक मंदिर लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। अयोध्या रामजन्मभूमि पर होने वाले रामनवमी उत्सव में ये आखिरी अस्थायी परिसर वाला आयोजन होगा। अगले वर्ष रामनवमी के समय में यहां की छटा देखते बनेगी।

इन दिनों रामनवमी महोत्सव की तैयारियां जोरों पर है। पौराणिक हिंदू मान्यतानुसार चैत्र नवरात्र का अंतिम दिन श्रीराम जन्म उत्सव दिवस है। बात इसकी तैयारियों की करें तो वर्ष प्रतिपदा के आगमन के साथ ही यह शुरू हो जाता है। इस बीच अयोध्या अवस्थित रामजन्मभूमि मंदिर पुनर्निर्माण भी चर्चा में है।

निर्माण की गति देखते हुए संभावना है की जनवरी 2024 मकर संक्रांति तक मंदिर लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। अयोध्या रामजन्मभूमि पर होने वाले रामनवमी उत्सव में ये आखिरी अस्थायी परिसर वाला आयोजन होगा। अगले वर्ष रामनवमी के समय में यहां की छटा देखते बनेगी। तब नवनिर्मित गर्भगृह में रामलला विराज चुके होंगे जिसकी तैयारियां जोरों पर है। इस मंदिर निर्माण को लेकर कई कौतूहल भी है मसलन एक ऐसा निर्माण जो अगले हजार वर्ष तक मजबूती के साथ खड़ा रहेगा।

सूर्य की किरणें सीधे राम मूर्ति के चेहरे पर

एक ऐसी संरचना जो भारतीय स्थापत्य का एक अनुपम उदाहरण हो जहां उकेरे शिल्प भी विषमयकारी होंगे। इतना ही नही यहां पुरातन भारतीय ज्ञान के आधार पर एक विशेष रचना भी बनाई जा रही है। जहां रामजन्म की वेला में सूर्य की किरणें सीधे यहां स्थापित राम मूर्ति के चेहरे पर पड़ेगी। तब हर रामनवमी को दोपहर बारह बजे नियत समय ये संयोग यहां बना करेगा। बात व्यवस्थाओं की करे तो यहां प्रतिदिन एक लाख लोगों के दर्शन की समुचित व्यवस्था होगी।

वहीं विशेष तिथियों पर चलने वाले परिक्रमा यात्राओं के लिए भी व्यवस्थायें बढ़ाई जा रही हैं। इन दिनों यहां लाखों की भीड़ अयोध्या नगर की तंग गलियों से होकर अपनी परिक्रमा संकल्पना पूरी करती है। ऐसे में अब जब अयोध्या का कायाकल्प हो रहा है तो लगे हाथ धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण परिक्रमा पथ का भी नवनिर्माण हो रहा है।

होंगे तीन मार्ग

यहां बीस मीटर परिधि वाले तीन मार्गों का निर्माण हो रहा है। इसमें अयोध्या के पंचकोसी और चौदहकोसी मार्ग के साथ ही चौरासी कोसी मार्ग पर भी काम चालू हुआ है। यह चौरासी कोस का क्षेत्र वास्तव में अयोध्या का सांस्कृतिक परिक्षेत्र है जिसका विशेष धार्मिक महत्व है। इसके साथ ही रामजी से जुड़ी स्मृतियों पर भी देशव्यापी काम चालू है। इन सब कारणों से देश में एक हर्ष का वातावरण बना है। वैसे जब से अयोध्या में नवनिर्माण शुरू हुआ है देश भर मे सांस्कृतिक धार्मिक चेतना का जागरण भी शुरू हुआ।

इसी कड़ी में इस वर्ष अयोध्या मे एक विशेष आयोजन भी हो रहा है। यहां श्रीराम महोत्सव के नाम से एक नौ दिवसीय उत्सव का आयोजन प्रारंभ है। जहां देशज खेल और सांस्कृतिक विधाओं का जोरदार समागम है। यहां संगीत के लोक एवं शास्त्रीय विधाओं की प्रस्तुतियां हो रही है। वही नौकायान मलखंब से लेकर कबड्डी, खो–खो एवं तलवारबाजी की स्पर्धा है। योग प्रवचन संग सुदूर केरल की युद्ध विधा कलरीपट्टू भी है।

बने और टूटे कई विश्व रिकॉर्ड

वैसे पहले भी रामनगरी मे भव्य दीपावली उत्सवों का आयोजन हुआ है। जिस अवसर पर दक्षिण कोरिया की प्रथम महिला का आना हुआ था। अयोध्या की दीपावली ने तब से अब तक अपने ही बनाये कई विश्व रिकॉर्ड तोड़े है। इस बीच अयोध्या नगरी के कायाकल्प से लेकर राम परिपथ पर सरकार कहीं आगे बढ़ चुकी है।

प्रधानमंत्री मोदी अयोध्या से जनकपुर नेपाल तक की अपनी यात्राओं द्वारा अपनी प्राथमिकताओं से अवगत करा चुके है। इस बीच दुनिया भर में हुए हालिया कुछेक पुरातात्विक खोजों मे रामायणकालीन अवशेषों का भी मिलना एक सुखद अनुभूति है। इटली और ईरान में पत्थरों पर उकेरी पुरातन राम चरित्र गाथा मिली है। वही मध्य अमेरिका के घने जंगलों में अवस्थित होंडुरास मे रामभक्त हनुमान का प्रस्तर प्रतिमा प्राप्त हुआ है।

जबकि भारतीय पुराविदों की एक टोली को इराक के बेलुला घाटी मे इनसे जुड़ा एक भित्तिचित्र प्राप्त हुआ है। यह चित्र रामायण के प्रसंगों पर आधारित है। अब भारत के मंदिर ही नही दक्षिण पूर्वी एशियाई देश भी अपने रामायण आधारित पहचान बताने मे गर्व की अनुभूति करते हैं। कोरियाई प्रायद्वीप के लोग अयोध्या को अपना नानी का घर बताते है। दरअसल, कोरिया के पितृपुरुष राजा सूरो का विवाह अयोध्या की राजकुमारी श्रीरत्ना से हुआ था। जिनकी स्मृतियों में एक निर्माण हालिया शासन में अयोध्या के सरयू तट पर किया गया है।

वहीं राम उपाधि से विभूषित थाई राज परिवार की प्रतिनिधि राजकुमारी महाचक्री सिरिंनधोर्न भारत की आध्यात्मिक यात्राओं पर आती रहती हैं। थाईलैंड मे वो भारत की सांस्कृतिक प्रतिनिधि के समान है। जबकि एशिया महाद्वीप का इकलौते ईसाई पहचान वाला देश फिलीपींस भी अपने इस अतीत को लेकर आग्रही है। तभी तो यहां हुए आसियान शिखर सम्मेलन की शुरुआत स्थानीय रामलीला के मंचन से हुई। इस कार्यक्रम मे प्रधानमंत्री मोदी से लेकर अमेरिका राष्ट्रपति तक मौजूद थे। किंतु सभी जगह एक सी परिस्थितियां नही है। प्रमाणों के बावजूद भी पाश्चात्य विद्वान राम के सांस्कृतिक प्रभाव को अब तक स्वीकारने को तैयार नहीं हैं। दरअसल, उन्हें गलत सिद्ध होने का भय है। वास्तव में दुनिया भर के देशों के भारतीय जुड़ाव वाले अतीत से इन्हें आपत्ति है।

मुख्यमंत्री योगी की ये पहल प्रशंसनीय

ऐसे में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एक पहल प्रशंसनीय है। उनकी सरकार पश्चिम एशिया से लेकर सुदूर दक्षिण अमेरिका तक प्राप्त हुए साक्ष्यों के प्रमाणीकरण की दिशा में काम कर रही है। इसको लेकर उत्तर प्रदेश कला संस्कृति विभाग एवं अयोध्या शोध संस्थान सक्रिय है। ऐसे प्रयास इन देशों संग भारत के रिश्तों में नया अध्याय जोड़ सकते है।

तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक थाती विरासत के प्रति प्रेम ने इस राममय संस्कृति के लिए कही अधिक अनुकूलतायें पैदा की है। ऐसा ही एक प्रयास इस वर्ष रामनवमी पर स्वामी रामदेव कर रहे हैं इस दिन राष्ट्र, धर्म और संस्कृति के जागरण एवं प्रचार संकल्पनाओं के साथ सौ युवा संन्यास ग्रहण करेंगे। इस पावन दिवस के लिए ये एक नया सार्थक चलन है। ऐसे मे संस्कृति प्रेमी नेतृत्व का होना किसी अतिरिक्त मुनाफे सा है। किंतु अब भी कुछके और प्रयासों की जरूरत है।

ऐसा ही एक प्रयास अयोध्या से जनकपुर और अयोध्या से श्रीलंका तक हुई प्रभु श्रीराम की दोनों महत्वपूर्ण यात्रा के पड़ाव स्थलों के प्रचार एवं विकास को लेकर भी होना चाहिये। वास्तविक तौर पर राम के आदर्श, मूल्य एवं चरित्र निर्माण की कहानी इन दो यात्राओं से संबद्ध है। इनमे से अधिकांश स्थल अब भी संवारे जाने की प्रतीक्षा में है। इसकी शुरुआत राम की प्रिया देवी सीता के पावन जन्मभूमि सीतामढ़ी बिहार से हो सकती है। आखिर आद्य कवि बाल्मीकि के शब्दों में रामायण राम की मर्यादा और सीता के महान चरित्र के महत्व का ही तो ग्रंथ है।

अगर ऐसे प्रयास प्रयोग होते रहे तो निश्चित ही आगामी वर्षों में राम जन्मोत्सव भी अपनी कथा और लीलाओं की तरह विश्वव्यापी होगा। वैसे भी सहयोग सहचर्य सह अस्तित्व और सांस्कृतिक समन्वय वाली ये संस्कृति अपने ज्ञान गुण स्वभाव नाते पुनः विश्व संचार की ओर अग्रसर है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# अप्रैल में महंगाई भत्ता वृद्धि की घोषणा की तैयारी : 19 लाख को मिलेगा फायदा

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में राज्य कर्मियों का महंगाई भत्ता (डीए) बढ़ाने पर हर माह 200 करोड़ रुपये का अतिरिक्त व्यय भार आएगा। एरियर जीपीएफ में भेजने के बारे में निर्णय होना शेष है, इसलिए डीए वृद्धि की घोषणा अप्रैल में किए जाने की तैयारी है। इससे यूपी के करीब 19 लाख कर्मचारियों और पेंशनरों को फायदा मिलेगा। दरअसल, केंद्र सरकार साल में दो बार महंगाई सूचकांक के आधार पर अपने कर्मियों के महंगाई भत्ता और पेंशनरों की महंगाई राहत (डीआर) में वृद्धि करती है। पहली बार यह वृद्धि 1 जनवरी से और दूसरी बार 1 जुलाई से लागू होती है। आम तौर पर केंद्र के बराबर ही राज्य सरकार भी डीए और डीआर में वृद्धि करती है। केंद्र सरकार ने 24 मार्च को डीए और डीआर में 4 फीसदी बढ़ोतरी की घोषणा की है। यूपी में भी शासन ने इसके हिसाब से गणना कर ली है। उच्चपदस्थ सूत्रों के मुताबिक, यहां भी डीए और डीआर को मूल वेतन पर 38 फीसदी से बढ़ाकर 42 फीसदी किया जाएगा। इससे सरकार को अपने कर्मियों और पेंशनरों पर प्रति माह 200 करोड़ रुपये अतिरिक्त भुगतान करना होगा। यह वृद्धि एक जनवरी से लागू होगी। अभी तक डीए का एरियर पुरानी पेंशन का लाभ ले रहे राज्य कर्मियों के जीपीएफ खाते में भेजा जाता रहा है,




जबकि नई पेंशन स्कीम का लाभ ले रहे कर्मियों के लिए उस मूल्य की एनएससी खरीदनी होती है। नए प्रावधानों के तहत जीपीएफ में साल में पांच लाख रुपये से अधिक राशि जमा नहीं की जा सकती है। आईएएस अधिकारियों के मामले में यह आदेश जारी कर दिया गया है, वहीं अन्य राज्य कर्मियों के मामले में यह प्रक्रिया में है। ऐसे में अब यह निर्णय लेना होना है कि पुरानी पेंशन का लाभ ले रहे कर्मियों को डीए के एरियर के भुगतान को लेकर क्या प्रक्रिया अपनाई जाए। वित्त विभाग के सूत्रों का कहना है कि एरियर जीपीएफ में भेजे जाने का पुराना नियम जारी रखते हैं तो तमाम कर्मियों के मामले में यह 5 लाख की सीमा को पार कर सकता है।

# आजम खां का अंतिम गढ़ भी ढहाने की तैयारी में जुटेगी भाजपा : अपना दल से ले सकती है स्वार सीट

लखनऊ ब्यूरो : भाजपा स्वार विधानसभा सीट पर उपचुनाव में सपा नेता मोहम्मद आजम खां का अंतिम गढ़ ढहाकर रामपुर में भगवा फहराने के लिए पूरी ताकत लगाएगी। वहीं, मिर्जापुर की छानबे सीट पर भी गठबंधन का कब्जा बरकरार रखने के लिए पूरा दमखम झोंकेगी। स्वार से पूर्व सपा विधायक अब्दुल्ला आजम को न्यायालय से दो वर्ष के कारावास की सजा होने के कारण स्वार सीट रिक्त हुई है। वहीं छानबे सीट से पूर्व विधायक स्वर्गीय राहुल प्रकाश कौल के निधन के बाद से सीट खाली है। दोनों सीटों पर 10 मई को उपचुनाव की घोषणा हुई है। रामपुर जिले की रामपुर और स्वार विधानसभा सीट को सपा नेता मोहम्मद आजम खां का गढ़ माना जाता है। 2017 और 2022 में भाजपा की एकतरफा लहर में भी आजम खां के बूते सपा ने दोनों सीटें जीती थी। हालांकि, गत वर्ष रामपुर में हुए उपचुनाव में पहली बार भाजपा ने आजम के करीबी को हराकर रामपुर सीट पर कब्जा जमाया है। आजम खां के इस्तीफे से रिक्त हुई रामपुर लोकसभा सीट पर भाजपा उपचुनाव में कब्जा जमा चुकी है। भाजपा गठबंधन दोनों सीटें जीतेगा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी का कहना है कि स्वार और छानबे दोनों सीटें अपना दल के पास हैं। उपचुनाव में किस तरह चुनाव लड़ना है, इसको लेकर अपना दल की अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल से बात की जाएगी। उन्होंने कहा कि दोनों सीटों पर चुनाव कोई भी लड़े, लेकिन जीतेगा भाजपा गठबंधन का प्रत्याशी ही। यदि अपना दल ने भी दोनों सीटों पर चुनाव लड़ा तो भी भाजपा पूरी ताकत लगाएगी। उपचुनाव का निकाय चुनाव पर भी पड़ेगा असर प्रदेश में निकाय चुनाव भी स्वार और छानबे विधानसभा उपचुनाव के आसपास ही होंगे। जानकारों का मानना है कि यदि उपचुनाव की मतगणना के बाद निकाय चुनाव के लिए मतदान हुआ तो उपचुनाव चुनाव के नतीजे आसपास के जिलों में कुछ सीटों पर निकाय चुनाव को भी प्रभावित करेंगे। जनसंघ और भाजपा ने भी जीता है स्वार में चुनाव स्वार विधानसभा क्षेत्र सपा की परंपरागत सीट नहीं रही है। इस सीट पर जनसंघ, कांग्रेस, स्वतंत्र पार्टी और भाजपा ने भी चुनाव जीता है। 1952, 1957, 1962 में कांग्रेस के मोहम्मद अली खान, 1974 में सैयद मुर्तजा अली खान, 1977 में मकबूल अहमद और 2002, 2007 और 2012 में स्वार सीट कांग्रेस के नवाब काजिम अली खान यहां से विधायक रहे हैं। 1967 में स्वतंत्र पार्टी के एम. हुसैन और 1969 में जनसंघ के राजेंद्र कुमार शर्मा विधायक रहे हैं। लेकिन 1980 में भाजपा के बलबीर सिंह यहां से विधायक निर्वाचित हुए। 1989, 1991, 1993 और 1996 में भाजपा के शिव बहादुर सक्सेना भी यहां से चुनाव जीते हैं। 2017 में सपा नेता आजम खां के बेटे अब्दुल्ला आजम चुनाव जीते थे। 2022 में स्वार सीट से अब्दुल्ला आजम फिर चुनाव लड़े और जीते। भाजपा ने यह सीट गठबंधन में सहयोगी अपना दल एस को दी थी। अपना दल ने हैदर अली खान को प्रत्याशी बनाया था। अब्दुल्ला आजम 126162 मत प्राप्त कर करीब 61,103 मतों से चुनाव जीते थे।

# वाराणसी के इस अनोखे बैंक में जमा होती है राम नाम की 'करेंसी' : 96 साल से चली आ रही परंपरा

वाराणसी ब्यूरो : कलियुग केवल नाम अधारा...। भव सागर से बेड़ा पार लगाने का यह सूत्र राम चरित मानस में संत तुलसी दास ने दिया है। दुनिया भर में हजारों लोग प्रभु नाम के सहारे जीवन की नैया पार लगाने में जुटे हुए हैं। गुरुवार सुबह इसका खुलासा राम जन्म के मौके पर वाराणसी के त्रिपुरा भैरवी स्थित राम रमापति बैंक में हुआ। एक तरफ प्रभु श्रीराम के बालरूप की झांकी सजाई गई तो दूसरी ओर अरबों की राम नाम की पूंजी की परिक्रमा शुरू हुई। रामजन्म की बधाई बजी और लोगों ने खजाने की परिक्रमा कर ग्रहों, कष्टों से छुटकारे के लिए प्रार्थना की। बाबा विश्वनाथ की नगरी में यह अनूठा बैंक है, जो पैसे से नहीं बल्कि राम नाम से चलता है। इस बैंक से कर्ज के रूप में पैसे नहीं, बल्कि राम नाम का लोन मिलता है। इस बैंक की कार्य प्रणाली और बैंकों की ही तरह है। अंतर है तो बस यह कि यहां पैसे की जगह जमा होता है राम का नाम। धर्म और अध्यात्म में आस्था रखने वाले इस बैंक के ग्राहक पुण्य कमाते हैं। इस अनोखे बैंक का नाम है राम रमापति बैंक। राम नाम की कमाई करीब 20 अरब इसने इस रामनवमी को अपने 96 साल पूरे कर लिए। काशी विश्वनाथ गली के त्रिपुरा भैरवी स्थित राम रमापति बैंक का 96 वां वार्षिकोत्सव धूम–धाम से मनाया जा रहा है। राम रमापति नामक इस बैंक में प्रभु के नाम की गाढ़ी कमाई करीब 20 अरब पहुंच गई है। बड़ी बात यह है कि सऊदी अरब और दुबई से भी लोगों ने इस बैंक में राम नाम जमा करने के लिए खाते खोले हैं। सुबह से ही भक्तों का तांता दशाश्वमेध से लगे त्रिपुरा भैरवी मोहल्ले में राम रमापति बैंक की ड्योढ़ी पर सुबह छह बजे से ही शहनाई की मंगल ध्वनि गूंजने लगी। सुबह सात बजे मंगला आरती के साथ ही रामनाम की जमा पूंजी भक्तों के दर्शन के लिए



खोल दी गई। पोथियों में बांध कर सजाए गए और बैंक के विभिन्न कमरों में रैक में रखे गए करीब 20 अरब रामनाम की परिक्रमा शुरू हो गई। राम नाम और सवा करोड़ शिव नाम की अपूर्व झांकी का दर्शन कर लोग निहाल हो उठे। सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। रामनाम की परिक्रमा कर पुण्य बटोरने के लिए शहर के अलावा कई प्रदेशों के दर्शनार्थी भी पहुंचे। ऐसा है राम रमापति बैंक का नियम ऐसा मानना है कि राम रमापति बैंक से कर्ज लेकर पूरा भरने वाले भक्तों की मनोकामना पूरी होती है। भक्त यहां से सवा लाख राम नाम का कर्ज राम नवमी के अवसर पर लेते हैं फिर अगले रामनवमी पर सवा लाख राम नाम लिख कर यहां जमा कर देते हैं। इसके लिए राम बैंक का मोहर लगा कागज, लकड़ी की कलम और लाल स्याही बैंक की तरफ से मुफ्त में दिया जाता है। इस बैंक में स्त्री हो या पुरुष, सभी लाभ उठाते हैं। इस बैंक में कोई भी आकर अपने दुख दूर करने के लिए 'राम नाम' का कर्ज ले सकता है। 'लोन' लेने के लिए बने हैं खास नियम यहां खाता खुलवाना आसान नहीं है, क्योंकि इसके लिए अचार विचार और इनके अपने नियम है। जिसे पूरा करने का वचन देने वाले को ही यहां से राम नाम लिखने का कागज मिलता है और उसी पर इन्हें लिखना होता है। यहां से कर्ज उन्हीं भक्तों को दिया जाता है जो बहुत दुखी, दीन, अभिमान रहित होकर श्री रामलला जी के शरण में आते हैं। राम रमापति बैंक से राम नाम का कर्ज लेने वालों के लिए कुछ नियम हैं, जिसमें शराब, मांस, मछली,प्याज, लहसुन इत्यादि चीजों को नहीं खाना है।

# विज्ञान विषय के विद्यार्थियों हेतु विभिन्न अवसरों को उपलब्ध कराएगा संयुक्त शैक्षणिक करार –कुलपति

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, लखनऊ और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो के बीच संयुक्त शैक्षणिक करार हुआ, जिसके अन्तर्गत दोनों संस्थाएं शैक्षणिक उन्नयन, शोध, विकास, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय कान्फ्रेन्स के विविध पहलुओं पर कार्य करेंगे। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, केनाल रिंग रोड, तेलीबाग, दिलकुशा लखनऊ के निर्देशक डॉ. उत्तम कुमार सरकार एवं महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, लखनऊ के कुलसचिव प्रो. अखण्ड प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से करार किया। इस दौरान महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, लखनऊ के अधिष्ठाता (शैक्षणिक)–डॉ. सपन अस्थाना, महर्षि स्कूल ऑफ सांइस के सहायक प्रोफेसर–डॉ. स्नेहा वर्मा, एवं राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो के प्रमुख वैज्ञानिक, डॉ. ललित के. त्यागी एवं डॉ. महेन्द्र सिंह



सहित विभिन्न गणमान्य वैज्ञानिक भी उपस्थित थे। महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, लखनऊ के कुलपति, प्रो. भानू प्रताप सिंह ने इस कार्य पर अपनी बधाई प्रेषित की एवं कहा कि विज्ञान विषय के विद्यार्थियों के लिए यह विभिन्न अवसरों को उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, लखनऊ के विद्यार्थी भी उपस्थित रहें।

# एस के डी हास्पिटल ने किया नये सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक का उद्घाटन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। एस के डी० हास्पिटल द्वारा नये सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक का उद्घाटन वृन्दावन कालोनी रायबरेली रोड लखनऊ में कल दिनांक 29 मार्च को किया गया। एस. के. डी. हॉस्पिटल ने अपने 14 वर्ष की समयावधि मे क्लीनिकल डायरेक्टर डॉ0 आशीष सिंह के कुशल निर्देशन में जोड़ प्रत्यारोपण एवं स्पाइन सर्जरी से सम्बंधित कई जटिल आपरेशन कर स्वास्थ्य सम्बन्धी सेवाओं के क्षेत्र में अपना परचम लहराया है। इसी क्रम में उन्होंने आज दिनांक 29.03.2023 को अपने नए सुपर स्पेशिलिटी क्लिनिक का उद्घाटन – 48/232 वृन्दावन कालोनी रायबरेली रोड लखनऊ में किया। इस उपलब्धि का उद्देश्य विश्वास एवं सुरक्षा के साथ हमारे रोगियों के स्वास्थ्य देखभाल में अधिक सुधार करना होगा। इस सुपर स्पेशिलिटी क्लीनिक में, सभी प्रकार की विशेष सुविधायें उपलब्ध होंगी जिनमें आर्थोपेडिक्स, फोजीओ थैरेपी–ऑब्सट्रेटिक्स गाईनेकोलॉजी, जनरल मेडिसिन, सर्जरी, पेडियोट्रिक, न्यूरोलोजी, कार्डियोलोजी एवं नाक, कान गला विशेषज्ञ शामिल होगें। ग्रुप के संस्थापक प्रबंधक प्रोफेसर एस केडी सिंह जी ने एस. के. डी. हॉस्पिटल की पूरी टीम को शुभकामनाएं दी व कहा कि यह (सुपर स्पेशिलिटी क्लिनिक) डॉ आशीष सिंह चिकित्सीय निदेशक के लिए नई उपलब्धि है एवं उनकी चिकित्सीय टीम एवं उनके सहयोग का नतीजा है। साथ ही



मनीष सिंह ने अत्यन्त हर्षपूर्वक डॉ. आशीष सिंह एवं उनके सहयागी चिकित्सकों की सराहना करते हुए कहा कि सुपर स्पेशिलिटी क्लीनिक हम सभी के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होगा। ''शिक्षा एवं स्वास्थ दोनो क्षेत्र ऐसे हैं। जिसके द्वारा हम समाज की सफलतम रचना में सहयोग कर सकते हैं व जिसमें जनहित में कार्य करने की सम्भावनायें अपार हैं अतः हमारी सदैव कोशिश रहेगी की जनता का एस के डी ग्रुप पर जो विश्वास कायम है उसे भविष्य में भी कायम रखें व उनका सहयोग प्राप्त करते रहें। इस शुभ अवसर पर क्लीनिकल डॉयरेक्टर डॉ0 आशीष सिंह जी ने एस0 के0 डी सिंह व मनीष सिंह का अभिवादन करते हुये कहा कि सम्पूर्ण परिवार एवं हमारे एस0 के0 डी0 हास्पिटल की कुशल टीम के सहयोग से ही इस श्रंखला का विस्तार संभव हो पाया है एवं भविष्य में भी ईश्वर की कृपा से शीघ्र ही इसी क्षेत्र में क्लीनिक के साथ–साथ बड़ा हास्पिटल प्रारम्भ करने की भी योजना है।

# संक्रामक बीमारियों से बचाव एवं टीकाकरण पर आधारित छात्र–छात्राओं ने रैली निकाली

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रजत ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, लखनऊ के रजत डिग्री कॉलेज, रजत वोमेंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेण्ट एवं रजत कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेण्ट में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर(27 मार्च से 02 अप्रैल) के अंतर्गत चौथे दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विशेष शिविर का आज चौथा दिन संक्रामक बीमारियों से बचाव एवं टीकाकरण पर आधारित था। उपरोक्त विषय पर छात्र–छात्राओं ने एक रैली निकाली तथा आसपास के नागरिकों को संक्रामक बीमारियों जैसे मलेरिया टाइफाइड फ्लू आदि से बचाव उनका निदान एवं टीकाकरण के विषय में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही साथ यह भी समझाया कि




आसपास कहीं भी पानी इकट्ठा ना होने दें और मच्छरों को पनपने से रोके। तत्पश्चात रैली गांव पहुंची और गांव के निवासियों को भी सभी स्वयंसेवक सेविकाओं ने जागरूक किया। अंत में सभी स्वयंसेवक सेविकाओं के लिए भोजन की व्यवस्था की गई।

# सोनभद्र में मंदिर के सामने पेड़ पर लटके मिले नाबालिग प्रेमी युगल के शव

सोनभद्र ब्यूरो : यूपी के सोनभद्र जिले के सलखन गांव में गुरुवार सुबह प्रेमी जोड़े के शव संदिग्ध हाल में फंदे पर लटकते मिले। दोनों नाबालिग हैं। मंदिर के सामने स्थित बबूल के पेड़ से उनके शव लटक रहे थे। दोनों के पैर जमीन को छू रहे थे। लड़की के शरीर पर चोट के भी निशान मिले हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को फंदे से उतरवाकर कब्जे में लिया। पुलिस इसे आत्महत्या मान रही है। घटना को लेकर कई तरह की चर्चा है। गुरुवार सुबह चोपन थाना इलाके के सलखन गांव स्थित शिवाला टोला में मंदिर की ओर गए लोगों ने पेड़ पर प्रेमी जोड़े के शव लटकते देखे तो सन्न रह गए। पेड़ से बंधी रस्सी पर दोनों के शव एक साथ लटक रहे थे। दोनों के मुंह आमने–सामने थे। कुछ ही देर में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। प्रेमी जोड़े की पहचान के बाद सूचना परिजनों को दी गई। मौके पर पहुंचे परिजन शव देखकर बिलख पड़े। वह बार–बार कह रहे थे, अगर उन्हें यह



पता होता कि दोनों ऐसा कदम उठा लेंगे तो उससे पहले ही उनकी शादी कर देते। चोपन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतरवाया और छानबीन शुरू की। लड़की के सिर में गहरे जख्म भी मिले हैं, जिससे उसकी पिटाई की आशंका भी जताई जा रही है। लड़के की उम्र 17 और लड़की 15 वर्ष बताई जा रही है। दोनों अलग–अलग जाति के थे।

# मारपीट की घटना में महिलाओं समेत चार घायलों में से एक की हुई मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिकरारा थाना क्षेत्र के निजामुद्दीनपुर गांव में मंगलवार की रात लड़की छेड़खानी को लेकर हुई मारपीट की घटना में महिलाओं समेत चार लोग घायल हुए थे जिसमें एक की मौत हो गई। उक्त गांव निवासी पलक धारी गौतम के घर की एक लड़की हसुआ लेकर जा रही थी। जिस पर कुछ लोगों ने टिप्पणी किया। विरोध करने पर पलक धारी 50 वर्ष और उसका छोटा भाई मुन्नालाल गौतम 40 वर्ष रूशाली गौतम पुत्री बनवारी लाल गौतम शालू गौतम पुत्री मुन्ना लाल गौतम घायल हो गए। घायलों को पुलिस द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक की परीक्षण और उपचार के लिए भेजा गया। पकड़ी ब्लॉक पर डॉक्टर के कक्ष में ताला लगा रहने के कारण ना तो इनका चिकित्सकीय परीक्षण किया गया और ना ही उपचार। काफी देर तक इधर–उधर भटकने के बाद सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां इनका प्राथमिक उपचार किया गया। दूसरे दिन बुधवार को सभी घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण डॉक्टर सायन दास द्वारा किया गया। जब डॉक्टर द्वारा पलकधारी का चिकित्सकीय परीक्षण एवं उपचार किया जा रहा था उसी समय उसकी मौत हो गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष सिकरारा ने बताया कि सभी हमलावरों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज है। जिनकी तलाश पुलिस कर रही है।पकड़ी ब्लॉक पर चिकित्सक आए दिन नदारद रहते हैं जहां समुचित व्यवस्था ना होने के कारण आए दिन ऐसी ही मौतें हो रही हैं। चिकित्सक की उपस्थिति ना होने के कारण यह बात सवालिया निशान बनी हुई है। परिजनों की मानें तो रात से ही मृतक के जिला चिकित्सालय में भर्ती था लेकिन उसका समुचित इलाज ना हुआ बुधवार सुबह थाने से पहुंची पुलिस द्वारा दोबारा मेडिकल कराने के उपरांत कुछ ही समय बाद उसकी मौत हो गई बड़ा सवाल ये उठता है यदि मारपीट के दौरान किसी को चोट आई तो क्या उसका पहले इलाज होना जरूरी है या पहले उसका मुकदमा दर्ज होना। ऐसे में मानवीय संवेदनाओं का क्या होगा क्या चिकित्सक बिना मेडिकल मोआइना किए बिना पुलिस में एफ आई आर दर्ज कराएं इलाज नहीं करेंगे यदि रात में ही सीएससी पर डॉक्टर मौजूद होता और मृतक की तत्काल प्राथमिक उपचार किया गया होता तो वह असमय काल के गाल में न समाता और जिंदा होता। प्राथमिक उपचार में हुई लापरवाही व जिला अस्पताल में इलाज न होने के कारण हुई मौत का जिम्मेदार कौन ?क्या उनके खिलाफ भी कोई कार्रवाई होगी यह जांच का विषय बना हुआ है। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान उमेश कुमार सिंह का कहना है कि मृतक के इलाज में लापरवाही हुई जिस कारण उसकी मौत हो गई यदि और आज से ही इलाज शुरू कर दिया गया होता तो उसकी जान बच जाती हालांकि सीएससी डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार नहीं किया और उसने सीधे जिला अस्पताल भेज दिया ऐसे में उनके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए।

# बड़े धूमधाम से मनाया गया रमगढा गांव मे सम्राट अशोक महान का जन्मोत्सव

जौनपुर सुजानगंज, ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : रमगढ़ा उकनी के तत्वाधान मे आयोजित द ग्रेट अशोका विश्व के प्रथम शासक महान होने का गौरव प्राप्त करने वाले, संपूर्ण भारत,पाकिस्तान,बांग्लादेश सहित, अफगानिस्तान, ईरान, नेपाल, भूटान एवं म्यामांर तक सीमा विस्तार कर अखंड ''भारत राष्ट्र के निर्माता'' प्रियदर्शी व प्रथम चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की जयंती के अवसर पर कोटिशः नमन व वंदन करते हुए कार्यक्रम का प्रारंभ पारसनाथ मौर्य, अध्यक्षता डॉ दुर्गा प्रसाद मौर्य, संचालन डॉक्टर विजय सिंह मौर्य, मुख्य वक्ता डॉ विजय सिंह मौर्य, केदारनाथ मौर्य, राजमणि मौर्य, पारसनाथ मौर्य, नरेंद्र बहादुर मौर्य, मानिकचंद मौर्य, (कोटेदार) लालचंद मौर्य, ( प्रधान) विवेक मौर्य, (अपेक्स एकेडमी) सुभाष



मौर्य, (प्रिंटिंग प्रेस) केदारनाथ मौर्य, (आयुर्वेदिक चिकित्सक) रामसमुझ मौर्य, (प्रधान) एवं समस्त ग्रामवासी व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# योग एवं यज्ञ का आयोजन : योग गुरु डॉक्टर ध्रुवराज को किया गया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राम नवमी के पावन पर्व पर मां शीतला गुरुकुल नेवादा ईश्वरी सिंह में योग एवं यज्ञ का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक नीरज सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया । बच्चों को ताड़ासन, गरुणासन, शीर्षासन, सर्वांगासन, यौगिंग जॉगिंग और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया ।योग के पश्चात पतंजलि योग समिति के जिला यज्ञ प्रभारी डॉक्टर ध्रुवराज द्वारा यज्ञ कार्यक्रम करवाया गया । विद्यालय परिवार द्वारा योग गुरु डॉक्टर ध्रुवराज को माल्यार्पण करके स्वागत किया गया ।विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेंद्र यादव एवं अनिल निषाद, पंकज सिंह, अरुण यादव प्रधान



और भाजपा नेता विकाश सिंह द्वारा योगगुरु को अंगवस्त्रम एवम स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर शिक्षक गण उपेंद्र पाल, सुजीत यादव, अवनीश निषाद, श्रीकांत यादव, बबिता सिंह, नीतू सिंह, साधना सिंह, सुनीता , रागिनी तथा क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे ।

## चिलुआ नदी के किनारे युवक का मिला शव : हत्या का आरोप

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले के गुलरिहा थाना क्षेत्र के चिलुआ के नदी में गुरुवार की सुबह एक युवक का शव नदी के पुल के नीचे मिला। पास में ही युवक की बाइक भी मिली। मृतक के पीठ, पैर, कमर व सीने पर गंभीर चोट के निशान हैं। जीभ बाहर निकला व गले में दुपट्टा लिपटा मिला। मौके पर एसपी नार्थ पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भाई ने गुलरिहा पुलिस को लिखित तहरीर देकर हत्या का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार, चिलुआताल थाना क्षेत्र के दुर्गापुर निवासी आकाश यादव (22) पुत्र स्व नंदकिशोर का शव गुलरिहा क्षेत्र के चिलुआ के ताल में कोल्हुआ घाट पर पुल के नीचे पूरब तरफ बृहस्पतिवार की सुबह ताल के किनारे बाइक समेत मिला, शव दलदल में दबा हुआ था। सूचना पर एसपी नॉर्थ मनोज कुमार अवस्थी, क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा मानुष पारिख, गुलरिहा थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही



मृतक का भाई विकास ने हत्या का आरोप लगाते हुए गुलरिहा पुलिस को लिखित तहरीर दी है। विकास का कहना है कि मंगलवार की सुबह चिलुआताल क्षेत्र के रहमत नगर के रहने वाले मनोज, पंचम, विशाल पुत्रगण अशोक व अच्छेलाल पुत्र विनोद से भाई का किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। बुधवार की सुबह विवाद की बात को लेकर उपरोक्त मिलने के लिए बुलाए थे, मेरे मना करने के बावजूद उनसे मिलने चला गया। शाम से फोन बंद जाने लगा, जिसका शव बृहस्पतिवार की सुबह चिलुआ नदी के पुल ने नीचे मिला। मृतक एक मोबाइल नेटवर्क कंपनी में काम करता था। तीन भाइयों में सबसे बड़ा था।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 16 का हुआ चालान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना मुंगराबादशाहपुर पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था के दृष्टिगत भिन्न– भिन्न ग्रामों से कुल 16 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर निरोधात्मक कार्यवाही में चालान कर न्यायालय भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के सम्बन्ध में विशेष अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के निर्देशन में मुगराबादशाहपुर पुलिस टीम द्वारा भिन्न– भिन्न गांवों से शांति व्यवस्था के दृष्टीगत कुल 16 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में 1–समरबहादुर पटेल पुत्र स्व0 तीरथराज उम्र 42 वर्ष निवासी सरायरैचन्दा थाना मु0बादशाहपुर जौनपुर। 2–सुरेन्द्र पटेल पुत्र स्व0 तुलसीराम पटेल उम्र 38 वर्ष निवासी सरायरैचन्दा थाना मु0बादशाहपुर जौनपुर। 3–राधेश्याम पटेल पुत्र स्व0 श्रीनाथ उम्र 58 वर्ष नि0गण सरायरैचन्दा थाना मु0बादशाहपुर जौनपुर 4–मन्थरा देवी पत्नी रमेश कुमार पटेल उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम बनबीरपुर थाना मुगरा बादशाहपुर जनपद जौनपुर । 5–फोटो देवी पत्नी स्व0 श्याम सुन्दर पटेल उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम बनबीरपुर थाना मुगरा बादशाहपुर जनपद जौनपुर 6–अजीत पटेल पुत्र अभय राज पटेल उम्र 28 वर्ष निवासी गरियांवा थाना मु0बादशाहपुर जौनपुर । 7–अशोक पटेल पुत्र रामबली पटेल उम्र 48 वर्ष निवासी गरियांवा थाना मु0बादशाहपुर जौनपुर । 8–मल्लू सरोज पुत्र दुखरन सरोज उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम कबीरपुर थाना मुगरा बादशाहपुर जनपद जौनपुर 9–राजेश राज पुत्र राजबली पटेल उम्र 27 वर्ष निवासी पकड़ी कस्बा थाना मु0बादशाहपुर जौनपुर । 10–संदीप पटेल पुत्र त्रिभुअन नाथ पटेल उम्र 28 वर्ष निवासी पकड़ी कस्बा थाना मु0बादशाहपुर जौनपुर । 11–सुनील कुमार पटेल पुत्र लालबहादुर पटेल उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम चन्दौकी थाना मुगरा बादशाहपुर जनपद जौनपुर । 12–अब्दुल मनान पुत्र अजीज अहमद उम्र 50 वर्ष निवासी साहबगंज चुड़ी गली थाना मु0बादशाहपुर जौनपुर । 13–अजीत जयसवाल पुत्र सुभाष जयसवाल उम्र 20 वर्ष निवासी दर्जियान मुहल्ला कस्बा थाना मु0बादशाहपुर जौनपुर । 14–जीलाजीत गौतम पुत्र स्व0 भगेलू गौतम उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम मीरपुर मधुपुर थाना मु0बादशाहपुर जौनपुर 15–विमला देवी पत्नी जीलाजीत गौतम उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम मीरपुर मधुपुर थाना मुगरा बादशाहपुर जनपद जौनपुर । 16– लक्ष्मी नन्दलाल जी पत्नी स्व0 नन्दलाल उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम मीरपुर मधुपुर थाना मुगरा बादशाहपुर जनपद जौनपुर।

## विद्युत करेंट की चपेट में आने से युवक की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पवांरा थाना क्षेत्र के हिम्मतपुर गांव निवासी सुशील मिश्रा 44 वर्ष पुत्र क्षमा नाथ मिश्रा की बुधवार को 11हजार वोल्टेज विद्युत करेंट की चपेट में आने से मौत हो गई। उक्त गांव निवासी सुशील मिश्रा पताका लगाने हेतु हरा बांस ले जा रहे थे।बांस ले जाते समय उसका ऊपरी हिस्सा नीचे लटक रहे 11 हजार हाई टेंशन विद्युत तार से टच हो जाने से विद्युत करेंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई । घटना की जानकारी मिलते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई । घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन दहाड़े मारकर रोने लगे ।इस सम्बन्ध में ग्रामीणों ने बताया कि हाई बोल्टेज विद्युत तार के नीचे लटकने की सूचना कई बार बिजली विभाग को दी गई लेकिन उनके द्वारा लटक रहे तार को सही नहीं कराया गया। जिसके चलते बबलू मिश्रा की मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष पंवारा राज नारायण चौरसिया ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पति से विवाद होने पर पत्नी ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लाइन बाजार थाना क्षेत्र के भगवती कॉलोनी में अध्यापिका ने पति से विवाद होने पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। प्रयागराज मनफोडगज निवासी नितिमा केसरवानी 40 वर्ष पुत्री संतोष केसरवानी जो आईटीआई जलालपुर में शिक्षिका के पद पर तैनात थी। बुधवार की सुबह उनकी लाश कमरे में रस्सी के सहारे लटकी हुई पाई गई। जिस समय मौके पर पुलिस पहुंची है इस समय उनके मोबाइल पर वीडियो कॉल उनके पति के मोबाइल पर लगा हुआ था। देर रात पति पत्नी दोनों के बीच बात विवाद होता रहा है। दोनों पति–पत्नी के बीच अक्सर विवाद हुआ करता था। इनकी शादी 1 वर्ष पूर्व हुई थी और इनका पति पीलीभीत में अध्यापक है। सूत्र बताते हैं कि पैसे के विवाद को लेकर पति–पत्नी में अक्सर विवाद हुआ करता था। इस समय मृतका के पिता की तबीयत ज्यादा खराब चल रही थी और वह अपनी तनख्वाह का पैसा माता–पिता के ऊपर खर्च कर रही थी। देर रात पति से विवाद होने के बाद देर रात नीतिमा ने फांसी लगाते समय वीडियो कॉल लगाकर अपने पति को दिखाया कि वह उसकी प्रताड़ना से त्रस्त होकर आत्महत्या कर रही है। सुबह जब पुलिस मौके पर पहुंची तब तक मोबाइल का वीडियो आन कॉल रहा जिसे पुलिस ने बंद किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । दूसरी तरफ मायके वाले पति के खिलाफ थाने पर तहरीर दिया है।

# जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न विद्यालयो का किया गया औचक निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी जौनपुर द्वारा 29 मार्च को नगर क्षेत्र तथा सिरकोनी विकास क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयो का औचक निरीक्षण किया गया। प्राथमिक विद्यालय हरईपुर, नगर क्षेत्र में गन्दगी देखकर कर नाराजगी व्यक्त की गई और प्रधानाध्यापक को तत्काल साफ–सफाई, ठीक कराए जाने के निर्देश दिए। विद्यालय में बहुत ही कम बच्चे उपस्थित पाए गए, प्रधानाध्यापक द्वारा छात्र उपस्थिति पंजिका में बच्चों की अनुपस्थिति नही भरी जाने पर भी नाराजगी व्यक्त की गई। सिरकोनी विकास क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय बसीरपुर, जमैथा, नाथूपुर के निरीक्षण में मिली कमियों को दूर कराते हुए उत्तरदायित्व निर्धारित करने का आदेश दिया।

# माँ दक्षिण काली मन्दिर में नवमी के दिन किया गया हवन पूजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के सिटी स्टेशन ओवर ब्रिज के पास स्थित मॉ आद्या शक्ति दक्षिणा काली मन्दिर पर चैत्र नवरात्र के नवमी



के दिन संस्थापक व पूजारी भगवती सिंह वागीश ने मंदिर पर आए हुए सभी भक्तों को हवन पूजन कराया। इस मौके पर मन्दिर के पुजारी वागीश ने बताया कि काली ही सभी ग्रहों का संघारक हैं और 'ऊं क्रीं क्रीं कालिकाएं नमः' मंत्र का जाप करने से सभी बीमारियां दूर हो जाती है ,हवन से आस–पास का वातावरण शुद्व हो जाता है और प्राणियों में सर्वधन का संचार हो जाता है। घंटा व शंख की ध्वनी से वातावरण अत्यन्त आनन्दमय हो जाता है।।अतः कलयुग में काली उपासना परम शक्ति वर्धक एवं मंगलकारी है। पूर्ण श्रद्धा एवं अटल विश्वास के साथ मां की उपासना सदैव कल्याणकारी होता है। कलयुग में मां दक्षिणा काली की पूजा अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है।

# वाराणसी में मुस्लिम महिलाओं ने उतारी श्रीराम की आरती : कहा– धर्म बदलने से पूर्वज नहीं बदलते

वाराणसी ब्यूरो : शिव नगरी काशी में गुरुवार को चौत्र नवरात्र की नवमी तिथि और श्रीरामनवमी की धूम है। कहीं पूजा–पाठ तो कहीं कुछ और आयोजन हो रहे हैं। ऐसा ही एक आयोजन हुआ वाराणसी के लमही स्थित सुभाष भवन में। यहां मुस्लिम महिलाओं ने कौमी एकता का संदेश दिया। मुस्लिम महिला फाउंडेशन और विशाल भारत संस्थान से जुड़ी मुस्लिम महिलाओं ने श्रीराम और माता जानकी की आरती उतारी। मुस्लिम महिला फाउंडेशन की नेशनल सदर नाजनीन अंसारी के नेतृत्व में जुटीं हिंदू और महिलाओं ने उर्दू में रचित श्रीराम प्रार्थना और श्रीराम आरती का पाठ किया। जिसमें लिखा था– अयोध्या है हमारे जियारत गाह का नाम, रहते हैं वहां मालिक–ए–कायनात श्री राम, जय श्रीराम, जय श्रीराम। आओ मिलकर हम सब करें उनको सलाम, तकलीफ और गरीबी, दूर करते श्रीराम, जय श्रीराम, जय श्रीराम। आरती में शामिल महिलाओं ने कहा कि धर्म बदलने से पूर्वज नहीं बदलते। सजावटी थाली में मिट्टी के दीपक से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की आरती की गई। जय–जय श्रीराम के नाम का उद्घोष हुआ और राम नाम के दीपक से हिंसा और नफरत के अंधकार को दूर करने का संदेश दुनिया को भेजा गया। मुस्लिम महिलाओं ने बड़ी शिद्दत के साथ भगवान राम के जन्मोत्सव पर सोहर गाए और सबको बधाई दी। मुस्लिम महिलाओं ने भगवान श्रीराम और जगत माता जानकी से मन्नत मांगी कि दुनियाभर में मुस्लिम बेटियों को जीने का अधिकार मिले। हलाला जैसी कुरीति खत्म हो। मुस्लिम महिलाओं ने कामना किया कि आदि विश्वेश्वर मंदिर परिसर औरंगजेब के कलंक से



मुक्त हो और स्वयंभू ज्योतिर्लिंग पर शीघ्र पूजा अर्चना शुरू हो। समस्त भारत भूखंड के लोग अपने पूर्वजों, परंपराओं, मातृभूमि और पूर्वजों के भगवान से जुड़कर अपने जड़ों से जुड़ें।नाजनीन अंसारी ने कहा कि धर्म बदलने से न पूर्वज बदल सकते है और न मातृभूमि और न ही पूर्वजों के भगवान राम। जब तक हमारे पूर्वज भगवान राम के नाम से जुड़े थे तब तक दुनिया में सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था। अब लोग शक की दृष्टि से देखते हैं। हम जड़ों से जुड़े रहेंगे तो हमारा सम्मान बना रहेगा। उन्होंने कहा कि राम के नाम से दुख–दरिद्रता दूर होगी। रामराज्य से विश्व शांति की ओर जाएगा। अरब देशों में भगवान राम का मंदिर बने तो वहां के लोगों की इज्जत भी बढ़ेगी और धर्म के नाम पर हो रही हिंसा खत्म होगी। मुस्लिम महिला फाउंडेशन की जिलाध्यक्ष रजिया सुल्ताना ने कहा कि हम सभी पूर्वजों से एक हैं। हमारे संस्कार में नफरत नहीं मोहब्बत डाला गया है। हम रोजा भी हैं और रामजी की आरती भी कर रहे हैं। इससे मोहब्बत फैलेगा और कोई भी धर्म खतरे में नहीं आएगा।

# दिल्ली से लौटे बीएचयू के डॉक्टर निकले कोरोना संक्रमित : बनारस में अब कुल नौ मामले

वाराणसी ब्यूरो : बीएचयू चिकित्सा विज्ञान संस्थान से जुड़े 36 वर्षीय डॉक्टर में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी के अनुसार संबंधित डॉक्टर इसी सप्ताह दिल्ली से लौटे हैं। फिलहाल, होम आइसोलेशन में हैं। इसके साथ ही बनारस में अब कुल मामलों की संख्या 9 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम निगरानी कर रही है। कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए शासन ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सतर्क किया है। साथ ही संक्रमितों के लिए बेड आरक्षित कर दिया है। डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती के साथ दवाइयों की व्यवस्था की जा रही है। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. एसएस कन्नौजिया ने बताया कि बीएचयू के जिस डॉक्टर की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, वह दिल्ली से यात्रा कर लौटे हैं। एहतियातन जांच कराई गई है। वह बीएचयू के पास की एक कॉलोनी में रहते हैं। अब उनके संपर्क में आने वालों का भी सैंपल लिया जाएगा। अगर किसी को भर्ती करने की जरूरत पड़ी तो जिला अस्पताल, मंडलीय अस्पताल के साथ ही स्वास्थ्य




केंद्रों पर बेड आरक्षित किए गए हैं। होम आइसोलेशन में हैं 9 संक्रमित स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना संक्रमितों का जो आंकड़ा जारी किया है, उसके मुताबिक, मार्च में कुल 13 संक्रमित मिल चुके हैं। इसमें से पांच लोग तो पहले स्वस्थ हो चुके हैं। आठ संक्रमित होम आइसोलेशन में हैं। डॉ. कन्नौजिया ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग लगातार निगरानी कर रहा है।

# भक्ति रस पर आधारित कार्यक्रम नवधा में दर्शकों ने संगीत धारा में डुबकियां लगाई

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर में लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान लखनऊ व संस्कार भारती जौनपुर द्वारा आयोजित नव वर्ष के 2080 के उपलक्ष में आयोजित भक्ति रस पर आधारित कार्यक्रम नवधा का शुभारंभ मुख्य अतिथि गिरीश चंद्र यादव राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार , कार्यक्रम अध्यक्ष मुनीश जी सह प्रांत प्रचारक काशी प्रांत , विशिष्ट अतिथि विवेक सेठ मोनू, विमल सेठ कार्यक्रम प्रायोजक व अतुल द्विवेदी ,निदेशक लोक एवं जनजाति कला संस्थान ,संस्था के संरक्षक रविन्द्र नाथ ने दीप प्रज्वलन कर व मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्चन कर किया ।संस्था के सदस्यों द्वारा ध्येय गीत की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम प्रथम प्रस्तुति स्थानीय गायक कलाकार गुलाब राही के द्वारा चौती और पचरा गा कर किया गया इसके उपरांत प्रयागराज की ख्याति अर्जित कलाकार श्रीमती पूर्णिमा देव कुमार व उनके साथियों द्वारा ढेड़या नृत्य, पचरा नृत्य और राम अवध में आये भजन पर समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया इसके साथ ही प्रयागराज के गायक कलाकार डॉली चौरसिया और रौशन पाण्डे द्वारा सुंदर भजन प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुति के उपरांत अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त व बनारस घरने के कलाकार कथक की महारानी कही जाने वाली सितारा देवी के पौत्र ,साहित्य कला अकादमी पुरस्कार विजेता श्री विशाल कृष्णा (पौत्र कत्थक साम्राज्ञी सितारा देवी) ने अपने कत्थक नृत्य के विभिन्न आयामों के साथ शिव शक्ति ,दुर्गा रूप ,राम जन्म एवं होली पर कथक के भाव नृत्य की प्रस्तुति की जिसको दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर अपने सारगर्भित उदबोधन मुख्य अतिथि गिरीश चंद यादव ने कहा संस्कार भारती द्वारा आयोजित हमारी संस्कृति दृहमारी विरासत के परिपेक्ष में जो कार्यक्रम कर रही है इसकी निरंतरता बनी रहनी चाहिए. हम अपने आने वाली पीढ़ी को अपने मूल संस्कृति से जोड़े




रखें इसके लिए हमें समाज के सभी वर्गों का सहयोग लेना होगा ।सभी को कंधे से कंधा मिलाकर अपनी संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए प्रयास करने होंगे भारतीय संस्कृति की गरिमा को बढ़ाने के लिए ऐसे कार्यक्रमों का होंना अति आवश्यकता है । कार्यक्रम अध्यक्ष काशी प्रान्त के सह प्रान्त प्रचारक मुनीश ने अपने उद्बोधन में कहा की भारतीय सभ्यता सनातन रही है ।हम सभी आज भी आधुनिक युग में अपने विभिन्न शुभ कार्य पंचांग पर आधारित तिथियों के द्वारा ही करते हैं यदि इनका प्रयोग हम दैनिक जीवन में भी करेंगे तो निश्चित ही हम आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने में सफल होंगे। अतुल द्विवेदी निदेशक लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान ने अपने उद्बोधन में कहा की सरकार द्वारा लोक कला के उन्नयन के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं ।इनके विकास के लिए आप सभी विभिन्न संस्थाएं ,एनजीओ सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। सरकार द्वारा संपदा नामक कार्यक्रम के अंतर्गत कलाकारों के संरक्षण हेतु प्रयास किए जा रहे हैं ।रेडियो पर जयघोष कार्यक्रम के द्वारा कलाकारों के गीतों को स्वर बद्ध रिकॉर्ड कराया जा रहा है ।विलुप्त होती ऐसी कलाओं के संरक्षण के प्रयास के लिए हम सबको मिलकर कार्य करना होगा। अतिथियों द्वारा सभी कलाकारों को माल्यार्पण ,अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। डॉक्टर ज्योति दास ने आभार ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन श्री विष्णु गौड़ एवं ऋषि श्रीवास्तव ने किया ।कार्यक्रम का समापन सामूहिक वंदे मातरम गान से हुआ।

## देश की उपासना अयोध्या ब्यूरो व डीकेयू लाईव ब्यूरो की तरफ से श्री राम जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। राम नवमी भारतीय हिंदुओं का प्रमुख पर्व है।जिसको भारतीय समाज श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाते हैं।यह आस्था और विश्वास का प्रतीक भी माना जाता है।क्योंकि भगवान राम हिंदुओं का आराध्य देव भी हैं।राम नवमी के दिन ऐसे आराध्य देव भगवान राम का जन्म दिन है।इसी कारण हमारे हिन्दू वर्ग इसे आस्था,विश्वास और उल्लास के साथ मनाते हैं।आध्यात्मिक दृष्टि से यदि देखा जाय तो इसका उद्देश्य हमारे अंदर आत्मिक रूप से बुद्धि तत्व रूपी ज्ञान का प्रकाश भरना है। भगवान राम का जन्म अयोध्या नरेश दशरथ और रानी कौशल्या जी से हुआ।और यह शुभ अवसर नवमी के चौत्र मास के शुक्ल पक्ष के दिन हुआ। रामचरितमानस के बालकाण्ड में यह उल्लेख है– "नवमी तिथि मधुमास पुनिता शुकल पच्छ अभिजीत हरिप्रीता। मध्य दिवस अति सीत न घामा पावन काल लोक बिश्रामा।।"और इसी कारण राम नवमी का पर्व श्री राम जन्मोत्सव के रूप में धूमधाम के साथ मनाया जाता है।हिन्दू धर्म शास्त्रों के अनुसार भगवान श्री हरि ने त्रेतायुग में दशासन के अत्याचारों को दूर करने के लिए और धर्म की स्थापना करने के लिए श्री राम के रूप में अवतार लिया। इसीलिए रामचरितमानस में उल्लेख है– "भए प्रगट कृपाल दीन दयाला कौशल्या हितकारी। हर्षित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप बिचारी।।" भगवान अपने आप मे प्रकाशवान हैं।उनका स्वरूप अद्भुत है।करोणों सूर्य को भी लज्जित करने वाले और आनन्द प्रदान करने वाले है।राम का पर्याय ही अंधकार को दूर कर प्रकाश करना है। "जो आनन्द सिंधु सुख राशि सीकर तें त्रिलोक सुपासी। सो सुखधाम राम अस नाम अखिल लोक दायक विश्रामा।।" इसी प्रकार छोटे भाई लक्ष्मण को शेषा अवतार के रूप में माना जाता है।जिसका तात्पर्य हमेशा सतर्क और राम की सेवा हेतु तत्पर रहने वाला है। "लच्छन धाम राम प्रिय,सकल जगत आधार। गुरु बशिष्ठ तेहिं राखा,लछिमन नाम उदार।।" तीसरे भाई शत्रुघ्न हैं जिसका तातपर्य शत्रुओं का नाश करना। और सबसे छोटे भाई भरत अर्थात सेवा,सुश्रुसा,त्याग,का प्रतीक।इसीलिए कहा गया– "भरत शत्रुहन दुनव भाई, प्रभु सेवक जसि प्रीति बड़ाई।।" राम नवमी मनाने का विशेष और धार्मिक कारण यह है कि त्रेता युग मे इस धन्य धरा पर राक्षसों का उत्पात बढ़ गया था।आए दिन ये राक्षस गण देवताओं के यज्ञ को विध्वंस कर दिया करते थे।तब ऐसे समय मे भगवान श्री विष्णु ने श्री राम के रूप में धरती पर अवतार लिया।भगवान श्री राम ने धर्म की स्थापना के लिए नाना प्रकार के कष्टों को झेला।चौदह वर्ष का बनवास काटा।और एक आदर्श उदात्त नायक के रूप में मर्यादा का पालन किया। श्री राम जी ने विकट परिस्थितियों का सामना करते हुए अपने धर्म,मर्यादा से विमुख नही हुए। इन्ही सारी विशेषताओं के कारण उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाने लगा।इस प्रकार से यह कहा जा सकता है कि भगवान राम ने इस धरती पर सत्य,प्रेम भाईचारा, धर्म,आस्था, विश्वास, नैतिकता,मर्यादा,और एक उन्नत सभ्य समाज की स्थापना की। जहां पर उन्होंने सर्वजन हिताय,लोक कल्याण की कामना करते हुए रामराज्य को प्रतिष्ठित किया।इस कारण भगवान श्री राम जी जन–जन के हृदय में स्थापित हुए और आराध्य बन गए।जिन्होंने अपनी लीलाओं के माध्यम से समाज को समरसता और एकता का सन्देश दिया।जिनके चरित्र को आत्मसात कर जीवन को मोक्ष प्रदान किया जा सकता है।

## राम नगरी में गीत संगीत एवं अध्यात्म की बह रही है त्रिवेणी –महंत रामेश्वरी शरण

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। राम नगरी में रामनवमी का महापर्व की तैयारी जोरों पर है इसको लेकर अयोध्या मानों निहाल सी हो गई है। रामनवमी को लेकर चहुंओर लोगों में उल्लास है। योग लगन ग्रहवार तिथि सकल भये अनुकूल चर अरु अचर हर्ष युत राम जनम सुख मूल... राम जन्म का प्रसंग निरूपित करती रामचरितमानस की यह पंक्ति राम जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर साकार प्रतीत हो रही है। राम जन्मोत्सव के लिए मंदिर जहां सजधज गए हैं, वहीं रामनगरी की परिधि में लाखों श्रद्धालु पहुंच चुके हैं और सबके चेहरे पर राम जन्मोत्सव की शुभ घड़ी की प्रतीक्षा का उल्लास झलक रहा है। मंदिरों में गीत, संगीत एवं अध्यात्म की त्रिवेणी बह रही है। मंदिरों में आयोजित हो रहे धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखलाएं पूरे रौ में हैं। समूचा मेला क्षेत्र कथा–प्रवचन व श्रीराम की स्तुतियों से गुंजायमान हो रहा है। प्रशासन ने सुरक्षा सख्त कर दी है। सुरक्षा की कमान एटीएस व आरएएफ ने संभाल रखी है। ड्रोन कैमरे व सीसीटीवी के जरिए मेला क्षेत्र की निगरानी की जा रही है। वहीं अयोध्या में वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। रामनगरी के प्रसिद्ध पीठ श्रावण कुंज में रामजन्मोत्सव महंत रामरुप शरण महाराज के पावन सानिध्य व मंदिर की वर्तमान महंत रामेश्वरी शरण के संयोजन में मनाया जाएगा।महंत रामेश्वरी शरण कहती हैं कि जन्मोत्सव की तैयारी पूरी हो गई है। अपराह्न 12 बजते ही जन्मोत्सव का उल्लास छलक उठेगा। अबीर–गुलाल एवं पुष्पों की वर्षा होगी। उन्होंने बताया कि श्रावण कुंज में जन्मोत्सव पर सवा क्विंटल धनिया की पंजीरी प्रसाद रूप में भक्तों को वितरित की जाएगी।

## पांच दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का हुआ समापन

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। डा. भीमराव अम्बेडकर राज्य क्रीड़ा संस्थान मकबरा स्टेडियम में पांच दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का बुधवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं में विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्जवलन के माध्यम से हुई। खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए श्रीरामतीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय ने कहा कि खेलों में प्रतिभाग लेने से हमारे भी टीम वर्क की भावना जागृत होती है। जो जीवन पथ पर चलने में सहायक होती है। इससे हमारा शरीर स्वस्थ्य रहता है तथा खिलाड़ी का मानसिक विकास भी होता है। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि भारत ने पिछले कुछ वर्षो में सरकार के प्रयासों की बदौलत विभिन्न खेलों के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर लगातार प्रगति की है। खिलाड़ियों को बेहतर मंच दिया जा रहा है जिससे वह ग्लोबल स्तर पर अपनी क्षमता को प्रदर्शित कर सके। सांसद खेल महोत्सव के तहत शहर व ग्रामीण क्षेत्र में मौजूद प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया गया है। जिससे वह अपनी खेल क्षमता में और निखार ला सकें। उन्होने कहा कि अगले वर्ष इंटर कालेज स्तर पर बालक व बालिका वर्ग की अलग से प्रतियोगिता होगी। ग्राम पंचायत स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में खिलाड़ी उसी ग्राम पंचायत से लिये जायेंगे। इस अवसर पर प्रतियोगिताओं के तहत हुए फाईनल में बालीवाल में पूरा ने मिल्कीपुर को हराया। क्रिकेट बालक वर्ग में कौशलपुरी ने देवकाली व बालिका वर्ग में टेनिसबाल क्रिकेट संघ ने विद्यालय क्रीड़ा समिति को पराजित किया। बास्केट वाल बालिका वर्ग में विश्वविद्यालय ने कनौसा पर तथा बालक वर्ग में साकेत महाविद्यालय ने विश्वविद्यालय पर विजय प्राप्त की। खोखो में बालक वर्ग में कैब्रियन ने एमआरडी को तथा बालिका में आमानीगंज प्रथम ने अमानीगंज द्वितीय को हराया। इस अवसर पर डा विक्रमा पाण्डेय, डा बांकेबिहारी मणि त्रिपाठी, रामू प्रियदर्शी, टिकैतनगर चेयरमैन जगदीश गुप्ता, ब्लाक प्रमुखों में आकाश पाण्डेय, कप्तान सिंह, सर्वजीत सिंह, दिनेश वर्मा, पवन सिंह तथा अभिषेक मिश्रा, संजीव सिंह, ओम प्रकाश सिंह, अवधेश पाण्डेय बादल, कमलाशंकर पाण्डेय, कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह, अनूप दूबे, विश्वनाथ सिंह, धमेन्द्र सिंह, लाल शुक्ला, वासुदेव मौर्या, गिरीश पाण्डेय डिप्पुल, अभय सिंह मौजूद रहे।

## सहारा के निवेशकों के लिए राहत भारी खबर : जब्त रकम से SC ने रिलीज किए 5000 करोड़ : वापस मिलेंगे फंसे पैसे

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।सहारा के निवेशकों के लिए आज सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत की खबर आई है। सहारा के निवेशकों को बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद उनका फंसा पैसा अब जल्द मिल जाएगा। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने सेबी सहारा विवाद के 24000 करोड़ रुपये के फंड पर केंद्र की याचिका को मंजूरी दे दी है। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी कि सहारा–सेबी के 24 हजार करोड़ रुपये के फंड में से 5000 करोड़ रुपये का फंड आवंटित किया जाए, ताकि सहारा के निराश निवेशकों को उनका फंड वापस किया जा सके। गौरतलब है कि सहारा का ये विवाद साल 2009 का है। सहारा की दो कंपनियां सहारा हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड और सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉर्पोरेशन से जुड़े विवाद की शुरुआत उस वक्त हुई जब कंपनी ने अपना प्ध्व लाने की पेशकश की। आईपीओ के आते ही सहारा की पोल खुलने लगी। सहारा ने गलत तरीके से निवेशकों से 24000 करोड़ की रकम जुटाई थी, जो सेबी के सामने आ गई। सेबी ने सहारा में कई अनियमितता पाई, जिसकी जांच जब हुई तो बड़ा स्कैम सामने आया। सेबी ने सहारा को निवेशकों को उनका पैसा ब्याज समेत लौटाने का आदेश दिया। बाद में मामला उलझता चला गया और आज भी सहारा के लाखों निवेशक अपने फंड का इंतजार कर रहे हैं।

## एक अप्रैल को नगरीय निकायों की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन की तैयारी

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। नगर निकायों की मतदाता सूची तैयार किए जाने की जल्दी है। छापने के लिए पांडुलिपियां भेजी जा रही हैं। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन एक अप्रैल को प्रस्तावित है। निकायों की मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य समाप्त हो गया है। जिले की सभी आठ निकायों नगर निगम अयोध्या, नगर पालिका रुदौली, नगर पंचायतें मां कामाख्या, कुमारगंज, खिरौनी (सुचित्तागंज), भदरसा, बीकापुर, गोसाईगंज में बीएलओ के जरिए नाम बढ़ाने व घटाने के लिए आवेदन लिए गए पांडुलिपियां निकायों में तैयार किए जाने का काम शुरू हो गया, लेकिन इसकी भी गति पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ के बूथों पर पहुंचने जैसे रही। सूत्रों के मुताबिक 28 मार्च तक सभी निकायों की पांडुलिपियां जिला मुख्यालय तक नहीं पहुंच पाई। एक–एक पांडुलिपियां पहुंच रही है। मतादाता सूची की छपाई का काम लखनऊ में चल रही है। वह एक फर्म के पास बताया गया है। देर से पांडपुलिपियां पहुंचने पर मतदाता सूची की खामियां रहने की आशंका है। जो चुनाव तक बनी रहेंगी। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य भान ने बताया कि मतदाता सूची का तय समय एक अप्रैल को प्रकाशन की व्यवस्था की जा रही है।

## रिश्वतखोरी में विद्युत निगम के दो अवर अभियंता बर्खास्त : जांच में पाए गए दोषी

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने रिश्वतखोरी के आरोप में दो अभियंताओँ को बर्खास्त कर दिया है। कॉरपोरेशन के अध्यक्ष एम देवराज ने बुधवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के उपकेंद्र बीरूमऊ में कार्यरत अवर अभियंता ओम प्रकाश पर 26 मई को रिश्वत मांगने के आरोप लगे थे। उनका आडियो वायरल हुआ था। इस पर उन्हें निलंबित करते हुए रहीमनगर से संबद्ध कर दिया गया था। मामले की जांच के लिए दो सदस्यीय कमेटी गठित की गई। जांच कमेटी में आरोप साबित होने के बाद कॉरपोरेशन अध्यक्ष एम देवराज ने बुधवार को बर्खास्त करने का आदेश जारी कर दिया है। इसी तरह शामली जिले के उपकेंद्र दुल्लाखेड़ी में कार्यरत अवर अभियंता अशोक कुमार के खिलाफ ऊर्जा मंत्री से शिकायत की गई थी। इसमें आरोप था कि अवर अभियंता ने एक लाख रुपये की रिश्वत लेकर अवैध तरीके से ट्यूबवेल चलवाया। मामले की जांच हुई तो क्षेत्र में कई लोग अवैध तरीके से कनेक्शन लेकर बिजली का उपयोग करते पकड़े गए। जांच के दौरान आरोपी अवर अभियंता ने अपना लिखित पक्ष भी नहीं रखा। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम से आई जांच रिपोर्ट के आधार पर कॉरपोरेशन चेयरमैन ने अवर अभियंता को बर्खास्त करने का आदेश जारी कर दिया है।

## बारिश बिजली और ओलावृष्टि की चेतावनी : आज और कल हो सकती है झमाझम बरसात

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश का मौसम बृहस्पतिवार से बदलने के आसार हैं। मौसम विभाग ने बारिश, बिजली और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 30 मार्च की सुबह से ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बदला मौसम रंग दिखाएगा। 31 मार्च को पूरा प्रदेश बारिश से तरबतर होने के आसार हैं। दो अप्रैल से फिर मौसम खुलेगा। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, अफगानिस्तान से उत्तर पश्चिमी भारत की ओर पश्चिमी विक्षोभ बढ़ रहा है। वहीं दक्षिण–पश्चिमी राजस्थान के निचले क्षोभमंडल में चक्रवाती स्थितियां बनी हुई हैं। बंगाल की खाड़ी से चलने वाली नमीयुक्त पुरवा हवा और अरबसागर से उठनी वाली पछुआ हवाएं साथ मिलकर गरज–चमक, बारिश और ओलावृष्टि का कारण बनेंगी। हवाओं का प्रभाव प्रदेश में अधिकतम होने के कारण वर्षा के क्षेत्रीय वितरण एवं तीव्रता में वृद्धि होने के साथ राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में हलकी से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इस दौरान प्रदेश के कुछ हिस्सों में झोंकेदार हवाओं के साथ 31 मार्च को ओलावृष्टि होने की भी संभावना बन रही है। एक अप्रैल से प्रभाव घटेगा और बारिश की तीव्रता कम होगी। दो अप्रैल को लखनऊ समेत प्रदेश में मौसम शुष्क हो जाने की आशंका है। ओलावष्टि की आशंका इन क्षेत्रों में अधिक है मौसम विभाग के मुताबिक, यूं तो प्रदेश में जगहों पर ओलावृष्टि की आशंका है। पर इन जिलों में सर्वाधिक है, जैसे आगरा, अलीगढ़, अमरोहा, बदायूं,



बागपत, बरेली, बिजनौर, एटा, फिरोजाबाद, हरदोई, हाथरस, लखीमपुरखीरी, मथुरा, मेरठ, मुरादाबाद, पीलीभीत, रामपुर, सहारनपुर, संभल, शाहजहांपुर, शामली, सीतापुर और श्रावस्ती। दिनभर चली पछुआ, शाम को छाई बदली लखनऊ में मौसम ने बुधवार को कई रंग दिखाए। सुबह कड़ी धूप से अधिकतम तापमान 34 डिग्री तक पहुंच गया। दोपहर में चलीं पछुआ हवाओं ने मौसम में बदलाव के संकेत दिए। शाम को पांच बजे के करीब बदली छा गई। रात का तापमान 18.5 डिग्री दर्ज हुआ। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ और हवाएं मौसम में बदलाव ला रही हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, 31 मार्च को लखनऊ में भी तेज बारिश, हवाएं, ओले और मेघ गर्जन के आसार हैं। मौसम विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि कृषि व धान मंडियों में खुले में रखे अनाज का सुरक्षित स्थान पर भंडारण कर लें। पक कर तैयार फसलों को भी सुरक्षित कर लें।

## टोल टैक्स : आगरा–लखनऊ और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर पहली अप्रैल से महंगी होगी यात्रा

लखनऊ ब्यूरो : आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर एक अप्रैल से टोल टैक्स बढ़ जाएगा। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त एवं यूपीडा के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित यूपीडा की 81वीं बोर्ड बैठक में नए टोल दरों का अनुमोदन किया गया। बोर्ड बैठक में दोनों एक्सप्रेसवे पर एक अप्रैल से .01 प्रतिशत से लेकर 2.9 प्रतिशत तक टोल टैक्स बढ़ाने की मंजूरी दी गई। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे वर्ष 2023–24 में हल्के मोटर वाहन पर 685 रुपये,, हल्के व्यवसायिक यान पर 1090 रुपये, बस या ट्रक पर 2195 रुपये, भारी निर्माण कार्य मशीन पर 3365 रुपये और विशाल आकार यान के संचालन पर 4305 रुपये टोल टैक्स अदा करना होगा। आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे पर टोल वर्ष 2023–24 में हल्के मोटर वाहन पर 655 रुपये, हल्के व्यवसायिक यान पर 1035 रुपये, बस या ट्रक पर 2075 रुपये, भारी निर्माण कार्य मशीन पर 3170 रुपये और विशाल आकार यान पर 4070 रुपये टोल अदा करना होगा। यह वृद्धि 0.1 प्रतिशत से लेकर 2.9 प्रतिशत तक की है। मनोज कुमार सिंह ने विकासकर्ता कंपनियों और यूपीडा के अधिकारियों को गंगा एक्सप्रेसवे का कार्य गुणवत्तापूर्वक कराने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि गंगा एक्सप्रेसवे पर अब तक सी एंड जी (क्लीयरिंग




एण्ड ग्रबिंग) का कार्य 88 प्रतिशत से अधिक किया जा चुका है। मिट्टी का कार्य भी 20 प्रतिशत से अधिक पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना में एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लगाने की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए। बैठक में गंगा एक्सप्रेसवे में सेफ्टी कन्सल्टेन्स की नियुक्ति के लिए बिड प्रक्रिया के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर चेंज ऑफ स्कोप के तहत हो रहे कार्यों का भी अनुमोदन किया गया। बैठक में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना के लखनऊ, कानपुर तथा अलीगढ़ नोड में अतिरिक्त भूमि प्राप्त करने के प्रस्ताव का भी अनुमोदन किया गया। बैठक में प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास व यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकरी नरेन्द्र भूषण सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## सड़क किनारे फेंकी भारी मात्रा में एक्सपायर हो चुकी दवाएं : ड्रग इंस्पेक्टर बोले– करेंगे कार्यवाही

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के औसानगंज इलाके में गुरुवार को सड़क किनारे फेंकी हुई भारी मात्रा में एक्सपायर हो चुकी दवाएं मिलीं। दवाओं को बोरे में भर कर फेंका गया था। सुबह निगम के सफाईकर्मियों की नजर दवाओं से भरे बोरे पर पड़ी। मामले की जानकारी के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई। सड़क के किनारे भारी मात्रा में एक्सपाएरी दवा फेंके जाने से हर कोई अवाक हो गया। इन एक्सपाएरी दवाओं में एनआरएक्स काफी मात्रा में थी। ड्रग विभाग के जोनल इंस्पेक्टर एके बंसल ने कहा कि एक्सपायरी दवाओं को सड़क पर फेंकने वाले के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम के कर्मी दवाओं को बोरे में भर कर साथ ले गए। औसानगंज में जिस स्थान पर एक्सपायरी दवाई फेंकी हुई मिलीं वहीं पर एक प्राइवेट क्लीनिक है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि अक्सर प्राइवेट क्लीनिक के कर्मचारी एक्सपायरी दवाएं और इंजेक्शन को सड़क पर ही फेंक कर चले जाते हैं।



सड़क पर फेंकी गई दवाओं में गैस और प्रतिबंधित एनआरएक्स (नशीले पदार्थ) थीं। एनआरएक्स मार्का की दवाएं अमूमन मानसिक रोगी व अनिद्रा के शिकार मरीजों को दी जाती है। ये दवाएं केवल डॉक्टर की सलाह पर मिलती है। इस दवा का उपयोग नशे के आदि लोग भी करते हैं। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के अनुसार एक्सपायर हो चुकी दवाओं को घोल बना कर नष्ट कर दिया जाता है या मिट्टी में दबा दिया जाता है।

## सैकड़ों सीसी कैमरों से होगी अयोध्या राम जन्मभूमि परिसर सुरक्षा की निगरानी

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।अयोध्या। राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के अंतिम दिन मंदिर निर्माण सहित राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा और सुविधाओं पर विचार विमर्श किया गया। सर्किट हाउस में देर शाम बैठक समाप्त होने के बाद ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि राइट्स के इंजीनियर ने मंदिर के अंदर किस तरह से लोग जाएंगे और बाहर निकलेंगे। इसकी विस्तारित जानकारी ड्राइंग के माध्यम से समझाई। उन्होंने सूचित किया कि हम रामघाट हाल्ट, कटरा और अयोध्या में चार पांच स्थानों पर 2–2 कार्यकर्ता दो–तीन दिन रखेंगे ताकि किस दिशा से यात्री आ रहे हैं और



वह क्या–क्या देखने की इच्छा रखते हैं। इसकी जानकारी जुटाई जा सके। महाराष्ट्र से अयोध्या लाई जा रही सागौन की लकड़ी को लेकर चम्पत राय ने बताया कि संभवता महाराष्ट्र के बल्लारपुर में बहुत बड़े कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। महाराष्ट्र के वन मंत्री सुधीर ने बड़े कलाकारों और राजनेताओं को निमंत्रित किया है। ऐसा लगता है कि बड़ी संख्या में जनता भी अयोध्या आएगी। राम मंदिर और परिसर की सुरक्षा के लिए 100 से अधिक सीसी कैमरे लगाए जाएंगे। कैमरे कहां और कितनी संख्या में लगाए जाएंगे उस पर भी चर्चा हुई। वहीं राम मंदिर के भूतल निर्माण में लगाये गए 166 पीलरों में मूर्तियों को बनाए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। तीन एजेंसियों को चयनित किया गया है। उड़ीसा के कारीगर मूर्ति बना रहे हैं। कितने दिन में एक मूर्ति बनती है। हालांकि मंदिर के खंभों में 12000 मूर्तियां बनेंगी। इसमें कितने समय लगेगा। इसका ट्रायल शुरू हो गया है। जटायु के मन्दिर पर भी चर्चा हुई है।मंदिर में ही राम के जीवन प्रसंगों पर मूर्तियों के पैनल लगेंगे। उसका भी प्रयोग करके देखा गया। भगवान श्री रामलला की मूर्ति बनाए जाने को लेकर भी मंथन जारी है। हो सकता है कि अप्रैल के पहले सप्ताह में कुछ कार्य आगे बढ़ाते हुए मूर्ति निर्माण शुरू हो जाए।

## संचारी रोग व दस्तक अभियान की द्वितीय जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय बैठक सम्पन्न

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।दिनांक 1 अप्रेल 2023 से आरम्भ हो रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान की द्वितीय जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय बैठक नोडल अधिकारी डा अंसार अली की अध्यक्षता में सांय 4.00 बजे विकास भावन सभागार में सम्पन्न हुई। इस द्वितीय बैठक में विशेष चर्चा संचारी रोग नियंत्रण अभियान में सम्मिलित विभागो द्वारा उनके विभाग की कार्योजना और प्रशिक्षण पर हुई। सभी संबंधित विभागों द्वारा अवगत कराया गया की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है और सभी स्टॉफ का संवेदीकरण कर दीया गया है। नोडल अधिकारी ने सभी को कहा कि यदि किसी विभाग में ऐसे स्टॉफ जिनका संवेदीकरण अभी तक नहीं हो पाया है उनका संवेदीकरण प्रत्येक स्थिति में 31 तारीख तक जरूर करा दे। इस बैठक का प्रस्तुतिकरण जिला मलेरिया अधिकारी मंजुला आनंद ने किया। जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम पर नोडल अधिकारी डा अंसार अली ने सभी उपस्थित विभागों के अधिकारियों को अवगत कराया कि वर्तमान में हम सभी ये देख रहें हैं कि मौसम में सतत परिवर्तन हो रहा है और इस परिवर्तन की वजह से बीमारियों का प्रसार भी उसके अनुपात में हो रहा है जो कि स्वस्थ्य समाज के लिए कदापि हितकारी नही है और हम सभी को इससे बचना होगा। जलवायु परिवर्तन से बचने के लिए सबसे महत्वपूर्ण उपाय है आमजन में जागरूकता का होना। यदि हम सभी सरकार द्वारा जारी किए जा रहे निर्देशों का अनुपालन करे तो निःसंदेह हम स्वयं और अपने परिवार को लू, हीट स्ट्रोक एयर अन्य खतरों से बचा सकते हैं। इस कार्यक्रम के लिए डा अरविन्द श्रीवास्तव ने बताया कि जल्द ही सभी विभागों, स्वास्थ्य विभाग सहित का प्रशिक्षण सुनिश्चित करा लिया जाएगा जिससे समय से किसी भी आपात स्थिति के लिए सभी सतर्क रहें। आज हुई बैठक में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी, सभी एसीएमओ, डिप्टी सीएमओ,अधीक्षक, अन्य स्टॉफ के साथ साथ अन्य विभागों, नगर पंचायत, डीपीआरओ डीपीओ कृषि सहित सभी सम्बंधित विभागो के अधिकारी उपस्थित हुए।

सम्पादक मंडल
श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।